दिनांकः 16.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया है।
- देश में जनगणना की गजट अधिसूचना आज जारी की जाएगी–इसमें पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी।
- राज्य में 24 जून से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा मनाया जाएगा।
- केन्द्र सरकार ने राज्य की 40 सड़क परियोजनाओं के लिए 1 हजार 914 करोड़ रूपए से अधिक की राशि मंजूर की।
- प्रदेश में कई स्थानों पर प्री–मॉनसून की बारिश–आज अधिकतर जगह बरसात की संभावना।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज साइप्रस की राजधानी निकोसिया में राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टो डोलिडीज़ से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच शिक्षा, डिजिटल साझेदारी और क्षेत्रीय सुरक्षा सहित व्यापक मुद्दों पर विचार–विमर्श की संभावना है। श्री मोदी के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में आज आयोजित भोज के साथ ही प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा सम्पन्न हो जायेगी। श्री मोदी साइप्रस से कनाडा जाएंगे, जहां वे जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद उनका क्रोएशिया जाने का कार्यक्रम है।
इससे पहले कल साइप्रस में श्री मोदी ने व्यापार पर आयोजित विचार–विमर्श को संबोधित करते हुए साइप्रस के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 23 वर्ष में किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली साइप्रस यात्रा और व्यापार जगत से चर्चा दर्शाती है कि साइप्रस से आर्थिक संबंध भारत के लिये कितना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत में डिजिटल क्रांति आई है और वित्तीय समावेशन वैश्विक उदाहरण बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि अब 50 प्रतिशत वैश्विक डिजिटल लेन–देन यूपीआई के जरिये भारत में होता है और फ्रांस सहित अनेक देशों ने इस प्रणाली को अपनाया है। उन्होंने साइप्रस को भी यूपीआई नेटवर्क में लाने पर जारी चर्चा का स्वागत किया।

000

देश में जनगणना की गजट अधिसूचना आज जारी की जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने इस संबंध में कल नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। **श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि** इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। गृहमंत्री ने कहा कि 34 लाख संगणक और सुपरवाइजर तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना कर्मी अत्याधुनिक मोबाइल डिजिटल उपकरणों के साथ यह अभियान संचालित करेंगे। जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक घर की स्थिति, परिसम्पित्तियां और सुविधाओं संबंधी जानकारी दर्ज की जाएगी। दूसरे चरण में आबादी की गणना, जनसांख्यिकी, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित अन्य–विवरण दर्ज किया जाएगा।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा के श्रीनाथपुरम स्टेडियम में सिंथेटिक वॉकिंग ट्रैक, बास्केटबॉल कोर्ट, फुटबॉल ग्राउंड, दर्शक दीर्घा और जिम हॉल के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि कोटा, आने वाले वर्षों में खेल सुविधा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएगा। स्पोट्‌र्स इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कोटा मॉडल शहर के रूप में विकसित हो इसके लिए कोटा

में डेडिकेटेड स्पोर्ट्स सिटी की दिशा में काम शुरू किया गया है। इसमें एक ही छत के नीचे सभी खेलों की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज सवाईमाधोपुर के दौरे पर रहेंगे। श्री बागड़े जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

000

राज्य सरकार 24 जून से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा चलाएगी। 9 जुलाई तक संचालित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल इस संबंध में समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि सरकार का संकल्प ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' बनाने का है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के पहले चरण में पांच हजार गांवों के बीपीएल परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर रोजाना शिविर लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'वंदे गंगा' जल संरक्षण–जन अभियान के तहत प्रदेशभर में अब तक एक लाख से अधिक गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने मानसून के दौरान संबंधित विभागों को एक्शन मोड पर काम करने के निर्देश दिए।

000

केन्द्र सरकार ने राज्य की 40 सड़क परियोजनाओं के लिए 1 हजार 914 करोड़ रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इनमें 31 प्रमुख जिला सड़के, 8 राज्य राजमार्ग और एक अन्य जिला सड़क शामिल हैं। इस राशि से इन सड़कों के खण्डों को मजबूत और चौड़ा किया जाएगा। केन्द्र के इस फैसले पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में ये सड़क तंत्र अहम भूमिका निभाएगा।

000

प्रदेश में प्री–मॉनसून की बारिश का दौर शुरू हो चुका है। राज्य के अधिकतर जिलों में कल बारिश दर्ज की गई। बरसात के बाद तापमान में भी गिरावट रिकॉर्ड की गई। राजधानी जयपुर में दोपहर बाद मौसम बदला और शहर के कई इलाकों में बारिश का दौर चला। देर रात भी कई जगह बारिश हुई। भीलवाड़ा में रात को कई जगह तेज तो कुछ स्थानों पर रिमझिम बरसात हुई। झुंझुनूं के मुकुंदगढ़ और सुलताना कस्बों में बरसात हुई और कई इलाकों में बादल छाए रहे। बाड़मेर में आज भी बादल छाए हुए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल रात ज़िला मुख्यालय सहित ज़िले के कई गाँवों में आंधी के साथ हल्की से मध्यम बरसात हुई। इससे भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली।

**000**

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद बिजली चमकने, 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और बारिश की संभावना है। उदयपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बरसात हो सकती है। 20 जून से बारिश की गतिविधियों में और बढोरती होगी।

000

कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में कैमरा ट्रैप में बाघिन एमटी–6 एक शावक के साथ नजर आई है। एमटी–6 पहली बार मां बनी है। इस खबर से वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है। टाइगर रिजर्व प्रशासन ने आस–पास अन्य शावक होने की संभावना पर मॉनिटरिंग बढ़ा दी है।

000